हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 13 मई 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

11 साहित्यिक आकाश में चमकी जिले की माटी की ...



12 सस्ती सफर की सुविधा ठप, 6 साल से शहर में नहीं दौड़ी...



## खबर संक्षेप

### मेघा में सुशासन समाधान शिविर आज

**मगरलोड।** राज्य सरकार द्वारा शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने व योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 1 मई से 10 जून तक आम जनता से प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण, समाधान शिविर आयोजित है। 13 मई को हायर सेकेंडरी स्कूल मेघा के शिविर स्थल में ग्राम अरौद, गिरौद, मेघा, सौंगा, हरदी बेलौदी, सांकरा, परसवानी, कुल्हाड़ीकोट, परसाबुड़ा, दुधवारा, कोरगांव, बेलरदोना, मड़ेली, भरदा, बोड़रा, कमरौद, खैरझिटी सहित 18 गांव शामिल होंगे।

### सिहादभाठा में महासत्संग 13 को

**अंवरी।** दी आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में 13 मई को श्रीश्री रविशंकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महासत्संग का आयोजन पटेल समाज भवन सिहादभाठा



भखारा में किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुरुदेव बर्थडे सेलिब्रेशन के रूप में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम पूरी तरह से ओपन फॉर ऑल रहेगा, जिसमें सभी वर्ग के लोग सहभागिता कर सकते हैं। महासत्संग में भजन गायिका श्रुति बेलचंदन अपनी मधुर प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम संध्या 7 बजे होगा।

### प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन मई 2026 के तहत निर्वाचन से संबंधित प्राप्त होने वाले शिकायत के निराकरण के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री बेरनादत्त एक्का को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। श्रीमती एक्का के सहयोग के लिए जिला कार्यालय धमतरी के सहायक ग्रेड-2 हरीश कुमार ध्रुव की ड्यूटी लगाई गई है।

### सेजेस गोकुलपुर में 13 मई को निकलेगी लॉटरी

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम योजना अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुर में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए अंग्रेजी माध्यम की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया 13 मई को प्रातः 9 बजे आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया चयन समिति, जनप्रतिनिधियों एवं पालकों की उपस्थिति में होगी। लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच उपरांत 20 मई तक कार्यालयीन दिवसों में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। कोविड-19 के दौरान माता-पिता को खो चुके बच्चों को महतारी दुलारी योजना के तहत प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा।

# मुल्ले के ग्रामीणों का नशे के कारोबार के खिलाफ कलेक्टोरेट में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिरेझर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम मुल्ले अवैध शराब, जुआ तथा सूखे नशे का गढ़ बन गया है।

मंगलवार को ग्राम मुल्ले से लगभग 70 महिला-पुरूषों ने गांव में नशे के कारोबार के खिलाफ कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। ग्रामीण कलेक्टर से मिलने अड़े रहे। कलेक्टोरेट परिसर पर धरने पर बैठ गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सख्त लहजे में समझाइश देकर प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर किया। प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी व्यथा बताई और ज्ञापन सौंपा।

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में मुल्ले के ग्रामीणों ने कहा कि गांव में एक अन्य परिवार के आधा दर्जन लोग अवैध शराब का धंधा करते हैं। इसके अलावा गांजा और नशे की गोलियां भी बेचते हैं। ये लोग गांव में जुआ खिलाने का कार्य भी करते हैं जिससे गांव की शांति भंग हो रही है।

## अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर की कार्रवाई की मांग



नशे के अवैध कारोबार में लिप्त एक व्यक्ति जिलाबदर था। अवैध शराब के मामले में 6 माह जेल में रह चुका है। इसके बेटे पर अवैध शराब मामले पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई होने के बाद भी आपराधिक गतिविधि में शामिल है।

मुल्ले के ग्रामीण अर्जुन कुमार, संदीप डहरिया, ओमप्रकाश ने बताया कि नशे का अवैध कारोबार करने वाले लोग गांव के प्रमुखों को जान से मरवाने की धमकी देते हैं। कुछ दिन पूर्व ग्रामीणों ने अवैध कार्य करने से मना किया तो उन्होंने जान से मारने की और दुष्कर्म केस में फंसाने की धमकी दी है। ग्रामीणों के खिलाफ झूठी शिकायत की है।

ग्रामवासियों ने कहा कि पूरा गांव अवैध कार्य से तंग आ गया है। बच्चे, युवा नशे के आदी बनते जा रहे हैं। अवैध नशा का धंधा करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## कलेक्टर की पहल पर स्कूलों में सुबह फिजिकल एक्टिविटी शुरू

# धमतरी जिले को खेल हब बनाने का प्रयास





- खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 36 स्कूल व संस्थाओं में एक माह का खेल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले को खेल हब बनाने के लिए स्कूलों में फिजिकल एक्टिविटी शुरू की गई है। सुबह 6 से 8 बजे तक एक्टिविटी चल रही है। उधर खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने भी एक माह के लिए खेल प्रशिक्षण शुरू किया है। छुट्टी में छात्र इसका लाभ ले रहे हैं।

### लगातार होगी एक्टिविटी

इन स्कूलों में फिजिकल एक्टिविटी का उद्देश्य सिर्फ खेल को बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि छात्रों को पुलिस, सेना, नगर सेना सहित अन्य क्षेत्रों में नौकरी के लिए तैयार करना है। यही नहीं आठवीं, दसवीं कक्षा के बाद छात्रों के ड्रापआउट की संख्या भी बढ़ रही है। इस एक्टिविटीज के माध्यम से ड्राप आउट बच्चों की संख्या कम करना है। स्कूल के बाहर के युवा भी इस फिजिकल एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं।

### कई जगह सालों से चल रहा प्रशिक्षण

कुछ स्कूल ऐसे हैं, जहां पर सालों से प्रशिक्षण चल रहा है। लोहरसी में तो मेडिटेशन और योग का प्रशिक्षण रोजाना हो रहा है। बाबा रामदेव की पतंजलि संस्था से प्रशिक्षित योगचार्य मुफ्त में प्रशिक्षण दे रहे हैं। नगर निगम स्कूल में वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग का प्रशिक्षण भी पिछले कई साल से चल रहा है। दानीटोला व्यायाम शाला में डॉ सुनील निषाद वेटलिफ्टिंग का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के जिले में लगातार प्रयास हो रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर अब स्कूलों में फिजिकल एक्टिविटी पर फोकस किया जा रहा है। जहां पर पीटीआई हैं, वहां पर यह एक्टिविटीज शुरू भी हो चुकी है। रोजाना सुबह 6-8 बजे दौड़, खेल सहित अन्य फिजिकल एक्टिविटी कराई जा रही है। जहां पर पीटीआई नहीं हैं, वहां पर शिक्षकों को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी। इसी के साथ स्कूल मैदान का समतलीकरण, सफाई सहित अन्य कार्य भी कराए जाएंगे। इसके लिए स्कूल फंड, जनभागीदारी, कृषि फंड से राशि की व्यवस्था की जाएगी।

### जिले के 36 स्कूलों में शिविर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने भी गर्मी में खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू कर दिया है। यह शिविर जिले के 36 स्कूलों में चल रहा है। हटकेशर सेजेस में खेल प्रशिक्षक खिलेंद्र साहू शतरंज, हैंडबाल, गर्ल्स स्कूल में जेपी देव गर्ल्स क्रिकेट, मुजगहन में राजकुमार सिन्हा एथलेटिक्स, संबलपुर में ओंकार पटेल मार्शल आर्ट, सेजेस आमदी में टीपी साहू और गीता साहू बास्केट बाल, लॉन टेनिस का प्रशिक्षण दे रहे हैं। जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर में विजय यादव कुश्ती, इंडोर स्टेडियम में गोविंद सार्वा, हेमंत चद्राकर कराते, हटकेशर के योग सेंटर में उमराव साहू योगासन और इतवारी बाजार स्थित कला भवन में खेल प्रशिक्षक दुर्गेश पटेल किक का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## जनगणना से सकते में आए झिरियावासी



- आठ परिवारों का नाम दूसरे गांव में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में प्रथम चरण की जनगणना जारी है, लेकिन इस जनगणना ने झिरियावासियों के पैरों तले जमीन खिसका दी है। झिरिया सरपंच माखनलाल ध्रुव के नेतृत्व में आठ परिवारों ने गांव परिवर्तन होने के खिलाफ सामूहिक आपत्ति की है।

ग्राम पंचायत झिरिया निवासी सोहनलाल, मनोजकुमार सिन्हा, सुखीत निषाद, चम्पा ध्रुव, ओमिन ध्रुव, कुमारीबाई ध्रुव, सुकारोबाई, आसबाई ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि वे धमतरी तहसील के ग्राम पंचायत झिरिया वार्ड क्रमांक 5 के निवासी हैं। वर्ष 2011 की जनगणना एवं शासकीय अभिलेख, आधार कार्ड, राशनकार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि में उनका नाम ग्राम झिरिया में दर्ज चला आ रहा है। वर्तमान में पटवारी ने जानकारी दी है कि सेटेलाइट सर्वे के तहत नये राजस्व नक्शा के अनुसार उनका मकान ग्राम उड़ेना की सीमा में दर्शाया जा रहा है जिसके कारण उनका नाम जनगणना में ग्राम उड़ेना में जोड़ा जा रहा है। पीड़ित लोगों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना एवं सहमति के इस प्रकार का सीमा परिवर्तन शासकीय योजनाओं, पहचान पत्र सहित अन्य सुविधाओं में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। ग्राम उड़ेना में नाम जोड़ने पर सामूहिक आपत्ति करते हुए पूर्ववत ग्राम झिरिया में रखने की मांग की है।

# जिला औषधि संघ का राष्ट्रव्यापी बंद 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- जिला औषधि विक्रेता संघ ने बंद की सूचना कलेक्टर को दी

जिला औषधि विक्रेता संघ ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद की सूचना कलेक्टर को दी। संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव सतराम वाशानी, नीरज किरण सहित सदस्यों ने कलेक्टर से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपा है।

20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी व्यापार बंद की सूचना देते हुए संघ ने कहा है कि धसमतरी केमिस्ट्सएसोसिएशन छग केमिस्ट्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन तथा आल इंडिया केमिस्ट्स एवं ड्रगिस्ट्स की जिला इकाई है। उक्त संगठन देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट्स एवं औषधि वितरकों का प्रतिनिधित्व करता है। केंद्र एवं राज्य स्तर पर सक्षम प्राधिकरणों के समक्ष बार-बार निवेदन के बाद भी



औषधि व्यापार एवं जनस्वास्थ्य से संबंधित अनेक गंभीर समस्याएं आज भी लंबित हैं। इससे लाखों केमिस्ट एवं उनसे जुड़े करोड़ों आश्रितों की आजिविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**संघ की तीन प्रमुख मांगें :** अवैध ई-फार्मेसी संचालन पर पूर्व प्रतिबंध तथा 8 अगस्त 2018 की अधिसूचना जीएसआर 817/ई की वापसी, बड़े कारपोरेट द्वारा अपनाई जा रही प्रिडेटरी मूल्य निर्धारण नीति पर प्रभावी रोक, 26 मार्च 2020 की अधिसूचना जीएसआर 220/ई की वापसी की मांग है।

# शहर के अर्जुन रेसीडेंसी में दूसरी रात भी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- चोरों ने लाखों रूपये पर हाथ साफ किए

सिहावा रोड स्थित अर्जुन रेसीडेंसी में चोरों ने दूसरी रात भी धावा बोल चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दो मकानों में हुई चोरी में चोरों ने लाखों रूपये के जेवर व नगदी पर हाथ साफ किया है।

मिली जानकारी के अनुसार शांति कालोनी के पीछे स्थित अर्जुनी रेसीडेंसी निवासी आशीष भट्टाचार्य 10 मई की सुबह घर में ताला लगाकर परिवार के साथ आईपीएल





मैच देखने रायपुर गया था। मैच खत्म होने के बाद आशीष अपने ससुराल खमतराई रायपुर में रूक गया। इसी दौरान अज्ञात चोर सूने मकान का फायदा उठा ताला तोड़कर भीतर प्रवेश कर भीतर रखी आलमारी से नगदी 2 लाख रूपये व सोने-चांदी के जेवर व चांदी का सिक्का कुल लगभग 4 लाख से ज्यादा की चोरी कर फरार हो गये। सोमवार को आशीष अपने घर लौटा तो मुख्य दरवाजे का कुंदा टूटा पाया। कमरे में जाकर देखने पर सामान बिखरा पड़ा था। वहीं आलमारी में रखी नगदी व जेवर गायब थे। घर के पीछे दीवार में लगी लोहे की ग्रील टूटी हुई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया।

### शिक्षिका के मकान को बनाया निशाना

पहली चोरी करने के बाद शातिर चोरों ने सोमवार की रात्रि भी उसी कालोनी में स्थित एक शिक्षिका के मकान को निशाना बनाया। म्युनिस्पिल स्कूल में पदस्थ शिक्षिका संतोषी अग्रवाल अपने मकान में ताला लगाकर अपने बेटे के पास बेंगलुरू गई है जिसका फायदा उठाते हुये चोरों ने सूने मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस घर से भी नगदी व जेवर की चोरी होने की आशंका जताई जा रही है।









# दो बाइक में भिंड़त, चार घायल

**धमतरी।** सोमवार की रात्रि लोहरसी मार्ग में दो बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बच्चा सहित चार लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार खेदू साहू व विमल साहू दोनों ग्राम कठौली निवासी सोमवार की रात्रि शहर में काम निबटाकर बाइक से लोहरसी मार्ग से होते हुए वापस अपने घर लौट रहे थे। वहीं जालमपुर निवासी अविनाश बघेल अपने बेटे आरव बघेल के साथ बाइक से लोहरसी मार्ग से होते हुए घर जालमपुर लौट रहा था। इसी दौरान लोहरसी मार्ग पर स्थित विद्याकुंज स्कूल के सामने दोनों बाइक में आमने- सामने की भिंड़त हो गई। घटना में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर वरदान परामर्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान व हेमंत प्रधान तत्काल घटनास्थल पहुंच घायलों की मदद में जुट गए। इसी दौरान सूचना पर संजीवनी 108 मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल व निजी अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत

**धमतरी।** ग्राम रुद्री स्थित जीएडी कॉलोनी के पीछे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत कॉलोनीवासियो ने की है। मंगलवार को आनंदपारा, वैभव नगर, जीएडी कालोनी निवासी पुष्पा साहू, रितु यादव, मोतिमबाई, सत्यवती यादव ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि वैभवनगर जीडी कॉलोनी रूद्री के पीछे नहर निकासी मार्ग की सरकारी भूमि पर मकाने बनाने अवैध कब्जा किया जा रहा है। यह जीएडी कॉलोनी तथा आनंदपारा का एकमात्र पानी निकासी का रास्ता है। लोगों के आने-जाने का मार्ग भी है। अतिक्रमण से सार्वजनिक



उपयोग में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले की जांच कर सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है।

## किसान गोष्ठी में वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने की विधि बताई गई

# खरीफ से पहले किसानों ने सीखी उन्नत तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कम लागत में बेहतर खेती और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सोमवार को 8 गांवों में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वर्मी कम्पोस्ट खाद से लेकर जैविक कीटनाशक बनाने की विधि और उसके फायदे बताए गए।

खरीफ सीजन से पहले किसानों को जागरूक करने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। 15 दिन तक चलने वाला यह अभियान 5 मई से शुरू हुआ है। 20 मई को समाप्त होगा। इस दौरान जिले






के चारों ब्लाक के 96 गांवों में किसान संगोष्ठी का आयोजन कर किसानों को जागरूक किया जाएगा। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। सोमवार को नगरी ब्लाक के ग्राम सेमरा, गोरसानाला, धमतरी ब्लाक के शंकरदाह, सेहराडबरी, कुरूद ब्लाक के कोड़बोड़, कोड़ापार और मगरलोड के हसदा और राजपुर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सेमरा में सरपंच श्रीमती कविता ध्रुव, कृषि वैज्ञानिक शक्ति वर्मा, प्रेमलाल साहू, विज्ञान केंद्र धमतरी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लाकेश कुमार, पशु चिकित्सक डॉ. दीपक नाग, कृषि विकास अधिकारी सुनीता सूर्यवंशी, कमलेश निर्मलकर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोशन कश्यप, हिमांशु हरिहरनो आदि उपस्थित थे।

किसानों को हरी खाद का ज्यादा उपयोग, बीजीए रासायनिक खाद का कम उपयोग, बायोफर्टिलाइजर एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाने की विधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मिट्टी परीक्षण का महत्व एवं कार्ड के अनुसार उर्वरक उपयोग, नवीन तकनीक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी का उपयोग एवं लाभ, रोग व कीट प्रबंधन, खरीफ फसल में लगने वाले प्रमुख रोग एवं कीटों की रोकथाम के उपाय बताये गये। इस दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।



## खबर संक्षेप

### मेहुलकांत कक्षा 10वीं में प्रथम

**अंवरी।** शासकीय हाई स्कूल स्कूल चटौद की कक्षा 10वीं के छात्र



मेहुलकांत पिता आईआर साहू ने 88.6 प्रतिशत अंक के साथ अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता पर प्राचार्य समेत शिक्षक एचआर मरकाम, केपी साहू, श्री कंवर ,श्रीमती ए खरे, श्रीमती पी शुक्ला, रुपचंद साहू, श्रीमती मोहनी साहू, उमराव साहू, सुशीला साहू समेत ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

### आंगनबाड़ी में लगी सुपोषण चौपाल, बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

**धमतरी।** अंबेडकर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति कौशिल्या देवांगन, पार्षद कुलेश सोनी, शैलेश रजक एवं भाजपा शहर महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा कुंजाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार सामग्री का वितरण किया गया तथा छोटे बच्चों को अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, आंगनबाड़ी सहायका, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

### निधन

### चोखेलाल साहू

**सिर्री।** ग्राम गुदगुदा निवासी चोखेलाल साहू उम्र 84 वर्ष का



निधन 10 मई रविवार को हो गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक थे। वे हुलास साहू, महेंद्र साहू, रविशंकर साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में ही किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने काफी संख्या में परिजन, समाजजन एवं ग्रामीणों की भीड़ रही।

# सगाई के बाद रिश्ता टूटने का बड़ा कारण मोबाइल, प्रतिबंध लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

कोसरिया मरार पटेल समाज बगौदराज की बैठक मरार पटेल समाज भवन ग्राम भुसरेंगा में हुई। बैठक में आवेदनों का उचित निराकरण किया गया। बगौद राज अध्यक्ष सियाराम पटेल ने प्रदेश की सामाजिक नियमावली पुस्तिका को हर गांव तक पहुंचाने तथा वाचन करने की अपील की। इसी कड़ी में ग्राम सेमरा डी के ग्राम प्रमुख अर्जन पटेल, राकेश पटेल द्वारा ने गांव के प्रत्येक घर के लिए सामाजिक नियमावली की पुस्तिका रखी।

## कोसरिया मरार पटेल समाज की बैठक में सामाजिक नियमों के पालन पर जोर



### महिलाओं ने भवन निर्माण के लिए महतारी वंदन की राशि दान की

ग्राम भुसरेंगा की मातृ शक्तियों द्वारा भवन निर्माण एवं समाज विकास के लिए प्रत्येक घर से 12 सौ रूपए ग्राम समाज को दान किया गया। माताओं द्वारा यह दान महतारी वंदन योजना से मिलने वाले राशि का एक अंश है। 48 घरों से लगभग 57000 रूपए से अधिक राशि दान की जा चुकी है। समाज के संरक्षक नोहर सिंह पटेल ने सगाई कार्यक्रम में लड़का-लड़की द्वारा गिफ्ट किए जाने वाले मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। सगाई के बाद रिश्ता टूटने का एक बड़ा कारण मोबाइल फोन को माना गया है।

### छट्टी कार्यक्रम 2 माह के अंदर कराने का निर्णय

इस तरह सामाजिक कार्यक्रम में भोजन व्यवस्था में पालीथिन युक्त डिस्पोजल थाली एवं डिस्पोजल गिलास के उपयोग को यथासंभव नहीं करने की अपील की। इसी तरह जन्म संस्कार के तहत सामाजिक नियमावली के पालानार्थ 6 दिवस एवं विशेष परिस्थिति में 2 माह के अंदर छट्टी कार्यक्रम को संपन्न करने ग्राम प्रमुखों को निर्देश दिया गया। मौके पर सभापति नोहर सिंह पटेल, उप सभापति हुलास पटेल, उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, कोषाध्यक्ष विमल प्रकाश पटेल, उप सचिव अरूण पटेल, उप कोषाध्यक्ष घासुराम पटेल, सलाहकार दूज राम पटेल, हुमन पटेल, नारायण पटेल, राकेश पटेल, देवचरण पटेल, भुवन पटेल, हिच्छा राम पटेल सहित 28 गांवों के ग्राम प्रमुख उपस्थित थे।

### बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, धरने के बाद गांव पहुंचा स्वास्थ्य अमला

# बोराई सिविल अस्पताल में एक आरएमए और नर्सिंग ऑफ़िसर की हुई नियुक्ति

- पुलिस बल की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





वनांचल क्षेत्र के लिए संजीवनी बनने का सपना दिखाने वाला बोराई सिविल अस्पताल खुद बीमार है। पांच साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए बोराई स्वास्थ्य केंद्र को 18 पदों के साथ सिविल अस्पताल में उन्नत किया था। उम्मीद थी कि अब 50-60 किमी दूर धमतरी-सिहावा नहीं भागना पड़ेगा लेकिन रविवार रात लिखमा निवासी दुलारसिंह की सड़क दुर्घटना ने सिविल अस्पताल के नाम पर चल रहे धोखे की पोल खोलकर रख दी। रात करीब 11 बजे घायल दुलारसिंह को परिजन बोराई सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। पर अस्पताल के गेट पर ताला लटका था। न इमरजेंसी सेवा, न डॉक्टर, न कोई स्टाफ। नियमानुसार सिविल अस्पताल को 24 घंटे खुला रहना चाहिए, लेकिन यहां रात में सिर्फ ऑन-कॉल व्यवस्था है। ग्रामीणों का आरोप है कि एकमात्र आरएमए की ड्यूटी रात 8 से सुबह 8 बजे तक है, मगर वे विश्रामपुरी में रहते हैं। मरीज आने पर फोन कर बुलाना पड़ता है। इधर अस्पताल में ताला व घायल को तड़पता देखकर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। रात के समय ही ग्रामीण धरने पर बैठ गये, उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई।

अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि खुद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुनेंगे तथा व्यवस्था सुधारा जाएगा। काफी समझाइश के बाद ग्रामीणों ने धरना खत्म किया, वही घायल को इलाज के किए नगरी अस्पताल भेजा गया।

### अब नहीं सुधरे हालात तो सुशासन तिहार का करेंगे बहिष्कार

बैठक में ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि बोराई सिविल अस्पताल की व्यवस्था स्थायी रूप से नहीं सुधरी तो बोराई, घुटकेल, मैनपुर और लिखमा पंचायत के ग्रामीण सुशासन तिहार का बहिष्कार करेंगे।

### बोर्ड सिविल अस्पताल का लेकिन सुविधा पीएचसी से भी कम

ग्रामीणों ने बताया कि बोराई सिविल अस्पताल में 18 स्वीकृत पदों के विरुद्ध एक भी स्थायी मेडिकल ऑफिसर नहीं है। पदस्थ डॉक्टर पीजी कोर्स के लिए चली गईं। पूरे अस्पताल में सिर्फ 1 आरएमए और स्टाफ नर्स हैं। दिन के समय अस्पताल प्रभारी डॉक्टरों के भरोसे चलता है। कभी सिहावा, कभी सांकरा तो कभी दुगली से डॉक्टर बुलाकर काम चलाया जाता है। ग्रामीण सोनराज वट्टी, माखन लाल सलाम, दुलारसिंह, खुमान सिंह, वीरेन्द्र यादव, जुगलकिशोर ने बताया कि बोराई सिविल अस्पताल का सिर्फ बोर्ड लगा है, अस्पताल में रात्रि में डॉक्टर नहीं रहते, दिन में भी रोजाना बदल-बदलकर डॉक्टर आने से परेशानी होती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा में एक एमओ और 3 आरएमए पदस्थ हैं, जबकि सिविल अस्पताल बोराई में एमओ की कुर्सी पांच साल से खाली है। पहले नक्सल प्रभावित होने का बहाना दिया जाता था। अब पूरा धमतरी जिला नक्सलमुक्त हो चुका है, फिर भी स्टाफ क्वार्टर और सुविधाएं न होने से कोई डॉक्टर यहां रुकने को तैयार नहीं है।

### धरने के बाद हुई पदस्थापना

ग्रामीणों के धरने और हंगामे की सूचना पर प्रशासन हरकत में आया। सोमवार को सीएमएचओ डॉ. चंद्रकांत कौशिक, डीपीएम, बीएमओ, बीपीएम, एसडीओपी, टीआई, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार समेत अन्य अधिकारी बोराई पहुंचे। चार पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में अस्पताल के गेट के सामने ही बैठक हुई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी और वीरेन्द्र यादव ने कहा कि अब कोरे आश्वासन नहीं चलेंगे। 24 घंटे डॉक्टर चाहिए, स्थायी स्टाफ चाहिए। ग्रामीणों के दबाव के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल बोराई सिविल अस्पताल में एक नए आरएमए और एक नर्सिंग ऑफिसर की पदस्थापना का आदेश जारी कर दिया। साथ ही दो स्टाफ नर्स की जल्द नियुक्ति का लिखित आश्वासन भी दिया गया। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि अस्पताल की एक स्टाफ नर्स तीन दिन की छुट्टी पर है, जिसकी अनुपस्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों की मांग पर बोराई बाजार वाले दिन एक अतिरिक्त डॉक्टर की ड्यूटी लगाने और फार्मासिस्ट नहीं होने पर दवाईयों का वितरण नर्सिंग ऑफिसर की उपस्थिति में करने पर सहमति बनी। सीएमएचओ ने अस्पताल स्टाफ को मुख्यालय में ही रहने का सख्त निर्देश भी जारी किया है।

# संगठन की ताकत ही जनता की आवाज



- युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद विधानसभा युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय कांग्रेस भवन में किया गया। बैठक में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवव्रत साहू ने की। बैठक की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद संगठनात्मक गतिविधियों, जनहित के मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई।

जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी ने अपने संबोधन में कहा कि युवा कांग्रेस जनता की हर समस्या चाहे वह बेरोजगारी हो, किसानों की परेशानी, महिलाओं के अधिकार या आम नागरिकों के मुद्दे उनकी आवाज बनकर मजबूती से संघर्ष करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रियता बढ़ाने और जमीनी स्तर पर काम करने का आह्वान किया।

विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि संगठन की ताकत ही जनता की आवाज होती है और जब युवा आगे आते हैं तो बदलाव निश्चित होता है। उन्होंने कुरूद विधानसभा में कांग्रेस और युवा कांग्रेस को और अधिक सशक्त एवं जनहितैषी बनाने का संकल्प दोहराया। बैठक में उपाध्यक्ष गुरुदेव महिपाल, एनएसयूआई प्रदेश सचिव योगेश साहू, प्रभारी महासचिव तुकेश साहू, महासचिव यक्ष साहू, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष पुखराज साहू तथा युवा नेता सुबोध झा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

बैठक में युवा कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्यों को ससम्मान प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन तुकेश साहू व आभार व्यक्त पार्षद अर्जुन ध्रुव ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# आंगनबाड़ी निर्माण में भ्रष्टाचार : 12 लाख की लागत, पर 15 दिन बाद भी छत को नहीं मिला पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 (वंदेमातरम वार्ड) में बन रहा आंगनबाड़ी केंद्र भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। आईसीडीएस कुरुद परियोजना के तहत 12 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन इस भवन में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता के मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जिसे लेकर स्थानीय वार्डवासियों में भारी आक्रोश है।

मिली जानकारी के अनुसार इस निर्माण का ठेका मेसर्स बाबूजी कंट्रक्शन कंपनी धनोरा (दुर्ग) को दिया गया है। निर्माण कार्य दिसंबर 2025 में शुरू हुआ था, जिसे 3 महीने की समय सीमा में पूर्ण करना था। हालांकि 5 महीने बीत जाने के बाद भी काम अधूरा है। चौंकाने वाली बात यह है कि संतोषजनक कार्य न होने के बावजूद ठेकेदार को अब तक करीब 5 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है।





कुरुद में नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़

### तराई के अभाव में जर्जर हुई छत, अलाइनमेंट भी बिगड़ा

तकनीकी नियमों के अनुसार, कंक्रीट ढलाई के बाद मजबूती के लिए कम से कम 21 दिनों तक निरंतर तराई (क्यूरिंग) अनिवार्य है। लेकिन यहां आलम यह है कि छत ढलाई के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पानी की एक बूंद नहीं डाली गई है। स्थिति यह है कि पानी के अभाव में निर्माण अभी से जर्जर दिखने लगा है। इतना ही नहीं, भवन का अलाइनमेंट भी पूरी तरह बिगड़ा हुआ है। नींव से लेकर छत तक का ढांचा देखने में ही टेढ़ा-मेढ़ा नजर आता है।

### घटिया मटेरियल का उपयोग, हाथ लगाते ही झड़ रहा मसाला

निर्माण कार्य में अनियमितता स्पष्ट दिखाई दे रही है। नवनिर्मित छत के स्लैब कई जगहों से नीचे की ओर धंसे हुए हैं। दीवारों की जुड़ाई में सीमेंट और रेत का मिश्रण इतना घटिया है कि मसाला हाथों से छूते ही भरभराकर झड़ रहा है। वार्डवासियों ने आरोप लगाया है कि मटेरियल में भारी घपला कर नौनिहालों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस घटिया निर्माण के कारण भविष्य में कोई अनहोनी होती है, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### नोटिस और ब्लैक लिस्ट की चेतावनी भी बेअसर

नगर पालिका प्रशासन द्वारा पूर्व में ठेकेदार को नोटिस जारी कर 10 प्रतिशत राशि कटौती और ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी दी गई थी, जिसका ठेकेदार पर कोई असर नहीं पड़ा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा 18 मार्च 2026 को जारी नोटिस में दो दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन ठेकेदार की मनमानी बदस्तूर जारी है।

### ठेकेदार का आगामी भुगतान रोक दिया गया है, नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी

गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को देखते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है, जिसका अभी तक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। ठेकेदार का आगामी भुगतान रोक दिया गया है और नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

\- **महेन्द्रराज गुप्ता**, *सीएमओ नगर पालिका कुरुद*

# प्राचार्य डॉ. खालसा को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा का स्थानांतरण शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में हो गया है जिसके पश्चात उनके लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.रमेश कुमार देवांगन ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए दीघार्यु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

डॉ.अश्वनी कुमार ध्रुव ने कहा कि प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है जिसमें वे पूर्ण प्रयास करेंगे एवं डॉ. मनदीप खालसा को कर्त्तव्यनिष्ठ एवं आयरन लेडी की संज्ञा दी। प्रो.राजाराम मेहरा ने कहा कि उनके द्वारा किये गये कार्य जैसे ई-लाईब्रेरी, नवीन कक्ष भवन आदि के बारे में बताया। प्रमोद चौरे अतिथि व्याख्याता ने उन्हें मां तुल्य बताया। प्रो. लोकेश्वरी राठिया एवं प्रो. हितेशानंद ठाकुर ने कहा कि उन्होंने छात्रओं की समस्याओं का समझा एवं छात्र कक्ष तथा अन्य तकलीफों को दूर किया। पूर्व प्राचार्य डॉ.मनदीप खालसा ने महाविद्यालय परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी बुद्धिमान है एवं जो भी कार्य दिया उसे कुशलतापूर्वक किया एवं सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.अंबा शुक्ला ने किया। मौके पर प्रो.जयराम कुर्रे, डॉ.दीपा देवांगन, , प्रो.कौशल नायक, डॉ.कविता, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सुश्री सीता नेताम, सुश्री नेहा राजन, डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ.ममता सौरज, डॉ.खेमचंद, भूषण कुमार साहू, डॉ.वेणु साहू, सुश्री प्रियंका सिंह, श्रीमती ललिता कोकिला, सुश्री डिलेश्वरी पटेल, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन उपस्थित थे।

# समर क्लास के 10वें दिन बच्चों ने सीखा पेपर क्राफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम कोलियारी (दुगली) में आयोजित समर क्लास संचालन के 10वें दिन बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी के मार्गदर्शन में एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर डाइट नगरी के छात्राध्यापक सोनेदर साहू पंकज यादव, पंकज साहू, सोनिका साहू, शीतल साहू, हेमलता कुंजाम, राज लक्ष्मी कंवर, देवकुमारी हिडको, राजेश्वरी साहू, दुर्गेश्वरी एवं आरती साहू द्वारा बच्चों को आकर्षक एवं उपयोगी पेपर क्राफ्ट बनाना सिखाया गया।



कार्यक्रम में बच्चों ने रंगीन कागजों से फूल, पक्षी, टोपी, नाव तथा विभिन्न सजावटी सामग्री तैयार की। छात्राध्यापकों ने बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने की नई विधियों से परिचित कराया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लिया।

जोहन नेताम ने कहा कि समर क्लास का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सीखने की रुचि विकसित करना है। पेपर क्राफ्ट जैसी गतिविधियाँ बच्चों की कल्पनाशक्ति एवं हाथों के कौशल को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समर क्लास के संचालन में मनहरन साहू ग्राम पटेल संघ के ब्लाक अध्यक्ष द्वारा सभी बच्चों के लिए न्योता भोज के रूप में बिस्किट का वितरण किया गया।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)



डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप




### नत्थूजी जगताप स्कूल के दो विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया

■ प्रबंधन समिति ने बच्चों का मुंह मीठा कर शुभकामनाएं दीं

**धमतरी।** नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 72.2 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय के दो होनहार विद्यार्थियों स्वाति बंजारे पिता ओम नारायण बंजारे 94.60 प्रतिशत तथा तुषार साहू पिता देवघर साहू 94.40प्रतिशत लेकर जिले की मेरिट सूची में स्थान बनाया। विज्ञान, गणित और कॉमर्स संकाय के 15 से अधिक छात्र 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं। बेहतर परीक्षा परिणाम पर प्राचार्य श्रीमती नविता तिवारी तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, समिति के सदस्य श्रीमती सरिता असाई, प्राची सोनी, हरीश नाग, कुंदन सिंह ठाकुर, देवेंद्र ध्रुवंशी समेत वरिष्ठ व्याख्याता भारती जगताप, अमरजीत बेदी, टोमन लाल ध्रुव, हरीश सिन्हा, राहुल चौरे, डॉ कमलेश तिवारी, विकास तिवारी, गिरीश गजपाल, घनश्याम साय पैकरा, नरेंद्र शर्मा, देव कुमार सिन्हा, बबीता साहू, संतोषी अग्रवाल, दिव्या नाहटा, तनुजा मैडम, रीना साहू, रागिनी चौहान, निधि साहू, यशवंत खापर्डे, योगेश साहू, गौरव पटेल, मीनाक्षी सोनवानी, ख़ेमलता, शोभा निर्मलकर, अनीता नेताम ने हर्ष जताया है।

### आवासीय पट्टे के इंतजार में पथराईं आंखें

■ चार दशक से नजूल जमीन पर हो रहा है बसर

**धमतरी।** नगर निगम धमतरी के वार्ड क्र. 1 में निवासरत दर्जनों लोग पिछले 40 साल से आवासीय पट्टे का इंतजार कर रहे हैं। सोमवार को दर्जन भर लोगों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर पुनः आवासीय पट्टे की मांग कलेक्टर से की है। हटकेशर वार्ड निवासी विजय लक्ष्मी नामदेव, कमलेश्वरी साहू, उन्दा बाई, सुशीला ध्रुव, पंच बाई, पांचो बाई, रानू साहू, नर्मदा निर्मलकर, कौशिल्या साहू, कामदेव ध्रुव, अंबिका बाई, टिकेश्वरी, पुनीत ध्रुव, त्रिवेणी ध्रुव, खोरबाहरिन साहू आदि ने सोमवार को शीतलापारा वार्ड पार्षद उमा भागीरथी ध्रुव के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम आवेदन किया है। आवेदन में कहा गया है कि वे हटकेशर वार्ड बरपारा के मूल निवासी हैं। वे 40-45 साल से हटकेशर स्थित नजूल भूमि में निवासरत हैं। मकान, बिजली बिल, पानी का टैक्स जमा करते आ रहे हैं। आवासीय पट्टे के लिए वे तहसील दफ्तर से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक कई बार आवेदन कर चुके हैं। पट्टे के इंतजार में उनकी आंखें पथरा गई हैं। हर बार चुनाव में पट्टा दिलाने का आश्वासन नेता देते आ रहे हैं लेकिन उन्हें अब तक पट्टा नहीं मिला है। उन्होंने कलेक्टर से पट्टा प्रदान करने की मांग की है।

### मड़ईभाठा के खंबा तालाब में बनेगी पचरी

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत मड़ईभाठा के खंबा तालाब में पचरी के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन हुआ। मुख्य अतिथि देहुति साहू सभापति महिला एवं बाल विकास जनपद पंचायत धमतरी थीं। अध्यक्षता सरपंच चंद्रेश चांद ने की। मुख्य अतिथि देहुति साहू ने कहा कि गांव का विकास ही हमारी प्राथमिकता है। तालाब हमारी ग्रामीण संस्कृति और जल संरक्षण का मुख्य स्रोत है। विशिष्ट अतिथि मुरारी यदु प्राथमिक कृषि साख समिति कुर्रा, अमर राव अध्यक्ष भाजपा मंडल रांवा, महेश राम यादव ग्राम पटेल, शांतनु राव, धर्मेंद्र साहू, खोमन प्रजापति, गणेश यादव, बृज बाई साहू, नंदकुमार ध्रुव, डोमलाल सेन थे। सरपंच चंद्रेश वीरेंद्र चंद ने बताया कि पचरी का जीर्णोद्धार ग्रामीणों की पुरानी मांग थी जो अब पूरी हो रही है। इस दौरान सचिव राजेश गायकवाड़, रोजगार सहायक उमेशकली देवांगन, उपसरपंच मन्नू लाल ध्रुव समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कैप्टन खुमान ने युवाओं को सेना में अधिकारी बनने के बताए गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

साहू समाज परिक्षेत्र बानगर सिंगलदीप द्वारा आयोजित निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर के छठवें दिन युवाओं को भारतीय सेना में भविष्य बनाने के प्रेरित किया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ में आयोजित इस सत्र में सेजेस चर्रा के प्राचार्य एवं 27वीं बटालियन एनसीसी रायपुर के ऑफिसर कैप्टन खुमान साहू ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

**साहू समाज के शिविर में दिया गया करियर मार्गदर्शन**



#### सेना केवल नौकरी नहीं, गौरवशाली जीवनशैली है

कैप्टन साहू ने लगभग 200 छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना केवल युद्ध कौशल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास और आधुनिक तकनीकी समावेशन वाली एक उत्कृष्ट जीवनशैली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 12वीं उत्तीर्ण छात्र एनडीए के माध्यम से और स्नातक युवा सीडीएस परीक्षा द्वारा सेना में कलेक्टर के समकक्ष अधिकारी बन सकते हैं। इसके अतिरिक्त सेना में डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, क्लर्क और नर्स जैसे सैकड़ों पदों पर करियर के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं।

#### तकनीकी प्रवेश और अग्निवीर योजना

व्याख्यान में बताया गया कि बीई या बी टेक उत्तीर्ण इंजीनियरों के लिए टीजीसी और एसएससी-टेक के माध्यम से बिना लिखित परीक्षा के सीधे प्रवेश का विकल्प है। वहीं 10वीं और 12वीं के युवाओं के लिए अग्निवीर (जीडी, क्लर्क, तकनीकी) के पदों पर भर्ती ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) के जरिए की जा रही है। आकर्षक वेतन, चिकित्सा और कैंटीन सुविधाओं के साथ-साथ सेवानिवृत्ति के बाद का सुरक्षित भविष्य इसे युवाओं के लिए पहली पसंद बनाता है। इस कार्यक्रम में भुवनेश्वर साहू, रोहित साहू, जनपद सदस्य कुलेश्वरी साहू सहित 21 गांवों के पदाधिकारी, शिक्षक, पालक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक कर उन्हें सही दिशा प्रदान करना है।

## राजभाषा आयोग ने किया युवा कथाकार चंद्रहास को सम्मानित

# साहित्यिक आकाश में चमकी जिले की माटी की महक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ी भाषा और लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित एक समारोह में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा युवा कथाकार चंद्रहास साहू को उनके उत्कृष्ट सृजनात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल एक सम्मान समारोह रहा, बल्कि छत्तीसगढ़ी साहित्य और वैचारिक चेतना के जीवंत संगम में तब्दील हो गया।

समारोह में प्रदेश की राजनीतिक और साहित्यिक जगत की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। मंच पर मुख्य रूप से सुनील सोनी (विधायक रायपुर) अनुज शर्मा (विधायक धरसींवा एवं प्रख्यात कलाकार) चंद्रशेखर साहू (पूर्व सांसद), प्रभात मिश्रा (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग) अभिलाषा बेहार (सचिव राजभाषा आयोग), मीर अली मीर (प्रसिद्ध कवि व गीतकार) अरुण निगम (छंद गुरु एवं वरिष्ठ साहित्यकार), रमेंद्रनाथ मिश्र (इतिहासविद) मौजूद रहे।




#### सृजन और सेवा का संगम

वक्ताओं ने चंद्रहास साहू की लेखनी की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कहानियों में समाज की आत्मा बसती है। मूलतः धमतरी जिले के जोरातराई (सी) क्षेत्र के रहने वाले श्री साहू वर्तमान में कृषि विभाग में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वे अपनी सेवा और सृजन की दोहरी भूमिका का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख कृतियों तिरबेनी, तुतारी, करिया अंग्रेज, मंगरोहन, गांधी चौरा और सोनचिरई ने छत्तीसगढ़ी साहित्य को नई ऊंचाई और दृष्टि प्रदान की है। जानकारों का मानना है कि उनकी रचनाएं केवल कल्पना नहीं, बल्कि उस माटी की हकीकत हैं जहां धान की बालियों के साथ आम आदमी की उम्मीदें पलती हैं।

#### अकादमिक जगत में धाक

चंद्रहास साहू का साहित्य अब केवल जनमानस तक सीमित नहीं है, बल्कि अकादमिक स्तर पर भी अपनी जड़ें मजबूत कर चुका है। उनकी कृतियां पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रायपुर), इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय (खैरागढ़) और हेमचंद विश्वविद्यालय (दुर्ग) के एम.ए. पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं। वर्तमान में उनकी रचनाओं पर रविशंकर विश्वविद्यालय और खैरागढ़ विश्वविद्यालय में पीएचडी हेतु शोध कार्य भी निरंतर जारी है।

#### रिश्तों की सच्चाई को दुनिया के सामने ला रहे

छत्तीसगढ़ की संस्कृति जीवन जीने की एक संवेदनशील शैली है। चंद्रहास साहू जैसे युवा साहित्यकार अपनी लेखनी से इस लोकजीवन की गहराई और रिश्तों की सच्चाई को दुनिया के सामने ला रहे हैं।

#### मीर अली मीर, प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार, शुभचिंतकों में हर्ष की लहर

उनकी इस उपलब्धि पर मिनेश कुमार साहू, पोखनलाल जायसवाल, वीरेंद्र कुमार साहू, रामकुमार साहू और नागेश वर्मा सहित कई शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने इसे पूरे छत्तीसगढ़ी साहित्य जगत के लिए गर्व का क्षण बताया।

## बेंद्रानवागांव में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ हुई शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा



■ कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा एवं जिपं सभापति मोनिका देवांगन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम बेंद्रानवागांव में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हुआ। विधिवत पूजा-अर्चना, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा एवं विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन रहीं। अतिथियों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि भगवान शिव आस्था, विश्वास एवं शक्ति के प्रतीक हैं। धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। हमारी संस्कृति एवं परंपराएं भारतीय समाज की पहचान हैं। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं। मोनिका देवांगन ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, प्रेम एवं एकता का संदेश देते हैं। ग्राम स्तर पर इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं तथा लोगों में आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं।

## नर्सिंग छात्रों ने ब्लड डोनेट कैम्प में निभाई सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने विश्व रेड क्रॉस और रेड क्रेसेंट दिवस के अवसर पर मानवता को जीवित रखना (कीपिंग ह्यूमिनिटी अलाइव थीम के साथ विभिन्न मानवीय गतिविधियों का आयोजन किया। यह दिन रेडक्रॉस के संस्थापक और पहले नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हेनरी ड्यूनांट की जयंती को चिन्हित करता है। कॉलेज के विद्यार्थियों ने रायपुर में आयोजित स्टेट लेवल के डांस, पोस्टर कम्पिटिशन में भाग लिया। इसी तरह जिला हॉस्पिटल में आयोजित ब्लड डोनेट कैम्प में सहभागिता निभाई।

## महापौर-सभापति के लिए ई-रिक्शा खरीदी की मांग



■ कांग्रेस पार्षद दल ने आयुक्त के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम की खराब आर्थिक स्थिति एवं लगातार बढ़ते डीजल खर्च को देखते हुए कांग्रेस पार्षद दल ने महापौर एवं सभापति हेतु ई-रिक्शा खरीदी की मांग को लेकर आयुक्त के नाम उपायुक्त पीसी सार्वा को ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, डीजल चोरी एवं वित्तीय अव्यवस्थाओं के कारण निगम आज गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसी स्थिति में डीजल वाहनों पर होने वाले अनावश्यक खर्च को कम करने के लिए ई-रिक्शा का उपयोग एक किफायती एवं पर्यावरण हितैषी विकल्प साबित हो सकता है। उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देशों एवं ऊर्जा संरक्षण की भावना का पालन करते हुए महापौर एवं सभापति के लिए तत्काल ई-रिक्शा खरीदा जाए, ताकि निगम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ कम हो सके तथा बचाई गई राशि का उपयोग वार्डों के विकास एवं जनहित कार्यों में किया जा सके। पार्षद दल ने निगम प्रशासन से पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस मांग पर शीघ्र निर्णय लेने की अपेक्षा की है।

## हटकेशर में महापौर ने लगाई चौपाल वार्डवासियों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हटकेशर क्षेत्र में आयोजित जन चौपाल में महापौर रामू रोहरा ने सीधे वार्डवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर प्रशासनिक संवेदनशीलता एवं जवाबदेही का परिचय दिया।

जन चौपाल के दौरान नागरिकों ने सड़क, सफाई, पेयजल, नाली एवं प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न समस्याओं को महापौर के समक्ष रखा। महापौर श्री रामू रोहरा ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

महापौर की सादगी, सहज व्यवहार एवं जनहित के प्रति समर्पण को देखकर वार्डवासी भावुक नजर आए। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि उन्होंने पहली बार ऐसे महापौर को देखा है जो स्वयं वार्ड में पहुंचकर आम जनता के बीच बैठकर समस्याएं सुनते हैं और तत्काल समाधान भी करते हैं। उन्होंने इसे केवल राजनीति नहीं, बल्कि सच्ची जनसेवा बताया।

उन्होंने आगे कहा कि जन चौपाल केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता एवं जनप्रतिनिधियों के बीच विश्वास का मजबूत सेतु है। निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में लगातार भ्रमण कर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



#### जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत

महापौर श्री रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि हर नागरिक तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और निगम क्षेत्र का प्रत्येक वार्ड विकास, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बने, यही उनका संकल्प है।

## पार्षद ने संभाली सफाई व्यवस्था की कमान



■ मौके पर खड़े होकर कराया सफाई कार्य, समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लालबगीचा वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर पार्षद हिमानी साहू एक्शन मोड में नजर आईं। उन्होंने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए स्वयं मौके पर खड़े होकर सफाई कार्य कराया तथा सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कराई गई। पार्षद श्रीमती साहू ने कहा कि वार्ड में स्वच्छता बनाए रखना प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। नागरिकों ने पानी निकासी, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी, जिस पर पार्षद ने शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया।

## मां का त्याग, प्रेम और संस्कार ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मदर्स डे केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि मां के त्याग, प्रेम और संस्कार ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। मां के चरणों में ही स्वर्ग का वास है। मां ही जीवन की प्रथम गुरु, पहली मित्र और पहली प्रेरणा होती है।

उक्त बातें मदर्स डे पर योगेश फाउंडेशन की संस्थापक अंकिता मिश्रा ने आंगनबाड़ी में उपस्थित गर्भवती माताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं सुपर वाइजर की उपस्थिति में कही। आगे कहा कि राष्ट्र निर्माण की आधार शिला मां ही रखती हैं। वह अपने बच्चों को केवल शिक्षित ही नहीं करती,बल्कि उनमें नैतिकता,साहस और देश प्रेम के संस्कार भी रोपित करती है।



#### मां का हृदय करुणा का सागर होता है

मुख्य अतिथि नगर निगम की सभापति श्रीमती कौशिलिया देवांगन ने कहा कि देश के भविष्य जिन नन्हें कदमों से आगे बढ़ता है,वे आज आंगनबाड़ी केंद्रों में नई ऊर्जा आत्मविश्वास और मुस्कान के साथ संवर रहे हैं। अध्यक्षता कर रही भाजपा शहर महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा कुंजाम ने कहा कि मां का हृदय करुणा का सागर होता है। विशिष्ट अतिथि द्वय स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक भूपेन्द्र मिश्रा एवं रामसागर पारा वार्ड के पार्षद शैलेश रजक ने कहा कि मां केवल जन्मदात्री नहीं होती, वह अपने संपूर्ण अस्तित्व को मातृत्व में विलीन कर देती है।

इस दौरान गर्भवती महिला हेमा धृतलहरे, भाग्यलक्ष्मी यादव, प्रियंका गुप्ता, ज्योति टांडेकर, दीप्ति सोनबेर, कुसुम सोनकर, सुमन ध्रुव, भूमिका रजक, दानेश्वरी निषाद एवं प्रीयका देवांगन सहित 12 महिलाओं को पोषण आहार वितरण कर 30 सुपोषित बच्चों को आम, अंगूर, तरबूज, केला पौष्टिक आहार का भोज कराया गया।

## राहगीरों को शीतल मठा का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तपती गर्मी में राहगीरों को शीतलता एवं राहत प्रदान करने रत्नाबांधा रोड स्थित बंधन बैंक के पास शीतल मठा सेवा का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रीमती माया खंडेलवाल एवं डॉ. नेमी खंडेलवाल द्वारा अपने पुत्र डॉ. लवी खंडेलवाल तथा पुत्रवधू डॉ. मधु (माधुरी) खंडेलवाल के वैवाहिक जीवन के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सपरिवार आयोजित किया गया। गर्मी से परेशान राहगीरों ने शीतल एवं स्वादिष्ट मठा ग्रहण कर राहत महसूस की तथा इस सेवा कार्य की सराहना की। डॉ. नेमी खंडेलवाल एवं डॉ. लवी खंडेलवाल ने ई-रिक्शा, ऑटो एवं मोटरसाइकिल में बैठे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों तक स्वयं जाकर मठा पहुंचाया। कार्यक्रम में श्रीमती प्रभा रावत, गोपाल शर्मा, राज जैन, वर्षा खंडेलवाल, सुलेखा जोशी, धनश्री जोशी, सुमन शर्मा, रजनी भारद्वाज, सुभाष मलिक, डॉ. सरिता दोशी, रिज़वान अली, राजा एवं संतोष ने सहयोग प्रदान किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जिले के नन्हे खिलाड़ियों ने रोलर स्केटिंग में जीते मेडल

**धमतरी।** प्रथम राज्यस्तरीय रोलर स्केटिंग ओपन प्रतियोगिता रायपुर में हुई। कोच इंद्र कुमार साहू के साथ धमतरी जिले से नौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें दो खिलाड़ियों आव्या गुप्ता ने 200 मीटर में गोल्ड मेडल एवं 500 मी प्लस डी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आध्या अग्रवाल ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। ये बच्चे मिलेनियम स्कूल में रोजाना स्केटिंग खेल की तैयारी करते हैं। इस उपलब्धि पर मिलेनियम स्कूल के डायरेक्टर श्रुति साहेब, स्कूल स्टाफ एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया है। ज्ञात हो कि आव्या महज 6 साल और आध्या 8 साल की है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 17 जिलों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमें इन नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और कोच की बदौलत मेडल प्राप्त किया।

### राहुल गांधी की लोकप्रियता से घबराई भाजपा की आईटी सेल : खिलेंद्र

**धमतरी।** ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलेंद्र ध्रुव ने



कहा है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता और जनता के बीच मजबूत हो रहे जनसमर्थन से भाजपा पूरी तरह घबराई हुई है। यही कारण है कि भाजपा की आईटी सेल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुनियोजित तरीके से राहुल गांधी की छवि धूमिल करने का अभियान चला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी एवं दक्षिण भारत के अभिनेता और जननेता विजय थलापति से जुड़े वीडियो और पोस्ट को इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कराने, उनकी पहुंच कम करने और फर्जी रिपोर्टिंग के माध्यम से दबाने की कोशिश की जा रही है। यह न केवल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी सीधा हमला है।

### नए कृषि उत्पादन आयुक्त से कृषि अधिकारी संघ ने की मुलाकात

**जीजामगांव।** छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष लिखेश वर्मा, प्रांतीय महामंत्री मोहित जैन एवं अन्य सदस्यों ने कृषि मंत्रालय के पूर्व कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार एवं नए कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व अधिकारी को विदाई देते हुए कर्मचारी हित में किए गए उनके सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हाइटेक बस स्टैंड से ऑडिटोरियम तक ई-रिक्शा में पार्षदों के साथ पहुंचे महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल और डीजल के उपयोग में मितव्ययता बरतने की अपील के बाद धमतरी नगर निगम में भी इसका असर देखने को मिला। आम जनता को ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से मंगलवार की सुबह महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों की टीम ई-रिक्शा में सवार होकर शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के निरीक्षण पर निकली।

सबसे पहले महापौर और पार्षदों की टीम खपरी स्थित निर्माणाधीन हाइटेक बस स्टैंड पहुंची। यहां निर्माण कार्य की प्रगति, यात्री सुविधाओं और परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। महापौर ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि बस स्टैंड को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, यात्री प्रतीक्षालय और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। महापौर ने यह भी कहा कि यह बस स्टैंड शहर की पहचान बनेगा। निर्माण गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

इसके बाद टीम अर्जुनी में बन रहे 132 केवी विद्युत स्टेशन पहुंची। अधिकारियों ने विद्युत स्टेशन की वर्तमान स्थिति और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। महापौर ने कहा कि 132 केवी विद्युत स्टेशन धमतरी शहर के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके शुरू होने से शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अधिक सुचारु और मजबूत होगी। इसके बाद निरीक्षण दल ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर वहां चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। महापौर ने कहा कि रेलवे स्टेशन किसी भी शहर का प्रवेश द्वार होता है और यहां बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक है।

इसके बाद टीम मकेश्वर वार्ड पहुंची, जहां निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। महापौर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए कहा कि यह ऑडिटोरियम भविष्य में सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

इस अवसर पर एमआईसी प्रभारी विजय मोटवानी, अखिलेश सोनकर, श्यामलाल नेताम पिंटू यादव, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, अज्जू देशलहरे, मेघराज ठाकुर, तल्लीनपुरी गोस्वामी, कुलेश सोनी, शैलेश रजक, संतोष सोनकर, संजय देवांगन, हेमंत बंजारे, आशा लोधी, चंद्रभागा साहू आदि उपस्थित थे।

**टीम ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण**



## कोरोनाकाल के बाद पटरी पर नहीं लौट सकी व्यवस्था

# सस्ते सफर की सुविधा ठप, 6 साल से शहर में नहीं दौड़ी सिटी बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर में आम लोगों को सस्ती और सुगम परिवहन सुविधा देने के उद्देश्य से शुरू की गई सिटी बस सेवा पिछले छह वर्षों से पूरी तरह बंद पड़ी है। कोरोना महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन के समय जिन बसों के पहिए थमे थे, वे आज तक सड़कों पर नहीं लौट पाए हैं।

शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग अब भी सिटी बस सेवा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि पुरानी बसें कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं, जबकि शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई नई बसें रायपुर डिपो में खड़ी हैं।

धमतरी में वर्ष 2015 में सिटी बस सेवा की शुरुआत हुई थी। शुरुआती दौर में 10 बसें गंगरेल, कुरूद, मेघा, भखारा, खरेंगा समेत विभिन्न मार्गों पर संचालित होती थीं। इससे शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कम किराए में सफर की सुविधा मिलती थी।

धीरे-धीरे कुछ रूटों पर यात्रियों की कमी और कुछ स्थानों पर ऑटो चालकों के विरोध के कारण बसों की संख्या कम होती गई। बाद में केवल चार बसें ही संचालित रह गईं। कोरोनाकाल में सभी बसों को अर्जुनी स्थित डिपो में खड़ा कर दिया गया। लंबे समय तक रखरखाव नहीं होने से बसें खराब होती चली गईं। बाद में कई बसों को रायपुर भेज दिया गया और अब डिपो में सिर्फ एक जर्जर बस बची है।

**कभी 10 बसें दौड़ती थीं, अब डिपो में बची एक कबाड़ बस**



फाइल फोटो

### नई बसें तैयार, लेकिन ऑपरेटर नहीं मिलने से अटका संचालन

पुरानी बसों के खराब होने के बाद शासन स्तर पर नई सिटी बसें उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। अधिकारियों के अनुसार नई बसें रायपुर डिपो में तैयार खड़ी हैं, लेकिन उन्हें धमतरी नहीं लाया जा सका है। मुख्य वजह बस संचालन के लिए ऑपरेटरों का नहीं मिलना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार चार बार टेंडर जारी किए गए, लेकिन किसी भी निजी ऑपरेटर ने रुचि नहीं दिखाई। इसके चलते नई बसों का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है।

### महंगे किराए से लोग परेशान, जल्द समाधान की उम्मीद

सिटी बस सेवा बंद होने से धमतरी से गंगरेल, कोलियारी, मेघा और भखारा जैसे मार्गों पर यात्रा करने वाले लोगों को निजी बसों और ऑटो पर निर्भर रहना पड़ रहा है। यात्रियों को अधिक किराया चुकाकर सफर करना पड़ रहा है, जिससे आम लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि सिटी बस सेवा दोबारा शुरू करने के लिए निजी ऑपरेटरों से चर्चा की जा रही है। लोगों से सुझाव भी लिए जा रहे हैं और जल्द ही निर्णय लेकर शहरवासियों को सस्ती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

# पावर लिफ्टिंग में धमतरी के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन



- मास्टर कैटेगरी में पुनीत ने चार गोल्ड व दिव्यांग कैटेगरी में आशुतोष ने सिल्वर जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विगत दिनों राज्य स्तरीय ओपन पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता राजिम में हुई थी जिसमें धमतरी के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। मास्टर कैटेगरी 68 किलोग्राम में पुनीत वैष्णव ने सभी इवेंट को मिलाकर चार गोल्ड मेडल प्राप्त किए। वहीं दिव्यांग कैटेगरी में आशुतोष साहू ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी देवेंद्र यादव ने बताया कि जूनियर कैटेगरी में 74 किलो वजन वर्ग में अभय कुमार ने सभी इवेंट को मिलाकर तीन गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया और स्ट्रांग बॉय का खिताब अपने नाम किया। लीना साहू ने सीनियर कैटेगरी में 63 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर स्ट्रांग वुमेन का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, सहायक खेल अधिकारी जेपी देव, विशेष सलाहकार डॉ. सीएस चौबे, भागवत यादव, योगेश साहू, कोच टिकेश्वर निर्मलकर, खेल अधिकारी देवेश जोशी, ननकू महाराज, कोच रितेश साहू, पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों ने हर्ष जताया है।

# सेवादार महिलाओं को उपहार भेंटकर किया सम्मानित



- माताओं के सम्मान से मेरा जीवन धन्य हो गया, आत्मिक संतोष मिला : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह के संपन्न होने के पश्चात इस पूरे कार्यक्रम में खाना परोसदारी से लेकर प्रत्येक कार्य में समर्पित भाव से अपनी सेवा देने वाली मातृ शक्तियों की टीम आयोजक पंडित राजेश शर्मा की ओर भावनात्मक रूप से टकटकी लगाए खड़ी थी। उन्हें मातृ दिवस के संबंध में भी कोई जानकारी नहीं थी और वह इससे अनभिज्ञ थी क्योंकि उनकी जिंदगी रोज कमाने रोज खाने तक ही सीमित है। समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा भी उनकी इस मर्मस्पर्शी भावनाओं को समझने में तनिक भी देरी नहीं की और उन तक पहुंचकर सभी को आत्मीयता एवं अपनापन के भाव से गले लगा लिया और मदर्स डे के बारे में बताते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार भी व्यक्त किया। सभी को सम्मानित स्वयं करते हुए तिलक वंदन कर उपहार भेंट किए। इससे पूरा वातावरण ही गमगीन हो गया। खुशी के आंसू को नारी शक्ति भी रोक नहीं पाई।

राजेश शर्मा ने कहा कि इस सम्मान ने उन्हें आत्मिक संतोष और जीवन में अमिट खुशी दी है, जो हमेशा उनके लिए मूल्यवान पूंजी के समान रहेगी। सम्मानित होने वाली महिलाओं में ग्वालिन बाई साहू, संगीता बाई, निर्मला, अनुसईया, बसंती यादव, रोशनी यादव, सुशीला, देव कुमारी, सरस्वती, सुभद्रा यादव, सती बाई प्रमुख रही। कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा, प्रकाश शर्मा, पिंटू यादव, कुलेश सोनी, विकास शर्मा, लकी डागा, सरिता यादव ,प्राची सोनी, प्राप्ति वासानी, हर्षा महेश्वरी, विशाखा का अहम सहयोग रहा।

# फेरीवाला बनकर गांजा तस्करी करते नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार



- आपरेशन निश्चय के तहत धमतरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

फेरी लगाकर कपड़ा बेचने वाला बनकर मोटरसाइकिल में बनाए गए कम्पार्टमेंट में अवैध गांजा रखकर तस्करी कर रहे नाबालिग सहित तीन अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए का अवैध गांजा जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार रायपुर रेंज के जिला धमतरी में पुलिस आपरेशन निश्चय के तहत केरेगांव में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तीन मोटरसाइकिल कतार से कपड़ा बेचने का दिखावा करते फेरीवाले ओडिशा की ओर से पहुंचे। तलाशी के दौरान कपड़ों के गठ्ठे के पीछे मोटरसाइकिल की सीट के नीचे विशेष धातु से बनवाया गया कम्पार्टमेंट/लोहे का जाली पाया गया जिसमें अवैध गांजा भरा हुआ था। तीनों तस्करों ने अपनी अपनी मोटरसाइकिल की पिछली सीट के नीचे गांजा तस्करी करने के लिए कम्पार्टमेंट बनवाया था।

बाहर से देखने पर फेरी लगाकर कपड़ा बेचने वाले लगे। पुलिस ने तीनों आरोपी राजेश ओबानी व दौलत सिंह एवं उनके साथ शामिल रहे नाबालिग तीनों मध्यप्रदेश निवासी को पकड़कर पूछताछ की। आरोपियों ने बताया कि गांजा ओडिशा से लाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 131 किग्रा अवैध गांजा कीमत 67.50 लाख रुपए, तीन मोटरसाइकिल कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए, तीन मोबाइल कीमत 30 हजार व नगदी 1000 रुपए जब्त किया। आरोपियों के कब्जे से कुल 69 लाख 61 हजार की संपत्ति जब्त की गई। इस प्रकरण में केरेगांव थाना में 20 बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी रोजश ओबानी पिता गुलाब उम्र 20 वर्ष निवासी खेडीखमलीगढ़ बैतुल मप्र व दौलतसिंह पिता रामू सिंह उम्र 19 वर्ष ग्राम टपरा पठारी जिला रायसेन मप्र निवासी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं नाबालिग को पकड़ उसके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

**तस्करी का नया पैंतरा फेल**

तस्करों द्वारा गांजा तस्करी के लिए नया- नया पैंतरा अपनाया जा रहा है। रेंज पुलिस तस्करों के हर नए तरीकों को नाकाम करती आ रही है। इसके पूर्व तस्कर एंबुलेंस, केला परिवहन, मूवर्स एंड पैकर्स का उपयोग करने के बाद अब कपड़ा फेरी वाला बनकर कपड़े के ढेर की आड़ में गांजा की तस्करी कर रहे थे जिसे पुलिस ने नाकाम कर दिया। उल्लेखनीय रेंज पुलिस ने आपरेशन निश्चय के तहत बसना व गरियाबंद में भी गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।



# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने किया नर्सों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विश्व नर्स दिवस पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा धमतरी द्वारा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत नर्सों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रेडक्रास वाइस चेयरमैन शिवा प्रधान, जिला संगठक आकाश गिरी गोस्वामी, जिला प्रबंधकार्यकारिणी सदस्य गुरुशरण साहू, प्रेमशंकर चौबे, खोमनलाल साहू, आजीवन सदस्य रितु प्रधान, मोहिनी साहू रेडक्रॉस, हेमकृष्ण साहू सहित पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने नर्सों को बुके एवं पेन भेंटकर उनके समर्पण, सेवा भावना और मानवता के प्रति योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में तत्पर रहती हैं। उनका योगदान केवल उपचार तक सीमित नहीं बल्कि मरीजों को मानसिक संबल और आत्मविश्वास देने में भी महत्वपूर्ण होता है।

रेडक्रॉस टीम ने नर्सों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम के दौरान नर्सों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के पदाधिकारी, जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस के स्वयंसेवक तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## कुरुद विधानसभा के प्रबंधकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# धान खरीदी में सूखत की भरपाई करे शासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली समस्त वृहत्ताकार एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के प्राधिकृत अधिकारियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा। प्रबंधकों ने धान खरीदी के दौरान होने वाली सूखत (वजन में प्राकृतिक कमी) की भरपाई शासन स्तर पर करने अथवा 1 प्रतिशत अतिरिक्त सूखत राशि प्रदान करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि इस वर्ष धान की आवक बफर लिमिट से 3-4 गुना अधिक थी, लेकिन परिवहन (डीओ) में अत्यधिक देरी हुई। नवंबर-दिसंबर में खरीदा गया धान मार्च-अप्रैल तक केंद्रों में ही पड़ा रहा, जिससे नमी 16 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत रह गई। परिवहन में हुए इस विलंब के कारण प्रति कट्टा 1.5 से 2 किलोग्राम तक की सूखत आई है। वर्तमान नियमों के अनुसार इस कमी की भरपाई समितियों को अपने स्तर पर करनी पड़ रही है, जिससे वे भारी आर्थिक नुकसान झेल रही हैं। समिति सदस्यों ने तर्क दिया कि जब संग्रहण केंद्रों को 5 प्रतिशत तक सूखत की पात्रता है, तो उपार्जन केंद्रों को कम से कम 1 प्रतिशत सूखत राशि मिलना न्यायसंगत है। उन्होंने बताया कि परिवहन में देरी राइस मिलों और प्रशासनिक स्तर पर हुई है, जिसका खामियाजा सहकारी सोसायटियां क्यों भुगतें?

ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से प्रभात बैस (कुरुद), आदर्श चन्द्राकर (भाठागांव), कुलेश्वर चन्द्राकर (बगौद), बुधारू साहू (मरौद), नरेंद्र ध्रुवंशी, रामखिलावन साहू, हेमंत साहू सहित कुरुद क्षेत्र की 35 सोसायटियों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने बताया है कि यदि जल्द ही शासन स्तर पर निराकरण नहीं हुआ, तो सहकारी समितियों का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा।






